
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , गुरुवार,19 फरवरी 2026

## सुविचार



जो व्यक्ति छोटी -छोटी बातों में सच्चाई को गंभीरता से नहीं लेता उस पर बड़ी बातों में भी विश्वास नहीं किया जा सकता।

-ऐल्बर्ट आइन्स्टीन

## बरेली के प्रमुख समाचार

- रमजान : इंतजार खत्म, चांद का हुआ दीदार, पहला रोजा आज-II
- बिना अनुमति अफसरों का ट्रांसफर, रोक-III
- पहले दिन पकड़ा गया एक नकलची, 5544 ने छोड़ी परीक्षा-IV



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| गुरुवार शाम | शुक्रवार सुबह |
| सुन्नी : 6:10 | सुन्नी : 5:20 |
| शिया : 6:19 | शिया : 5:14 |

# शराब फैक्ट्री पर आयकर छापा, 30 घंटे से खंगाल रहे दस्तावेज

## सुपीरियर शराब फैक्ट्री में मंगलवार देर शाम पांच गाड़ियों से पहुंचीं लखनऊ और दिल्ली की आयकर टीमें, पीएसी की एक गाड़ी भी साथ लाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फैक्ट्री में मौजूद मालिक, मैनेजर सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के मोबाइल कब्जे में लिए
- कई ब्रांड की देसी और अंग्रेजी शराब के उत्पादन और बिक्री के रिकार्ड खंगाल रहीं टीमें

**अमृत विचार :** शराब कारोबार में करोड़ों रुपये की आयकर चोरी की आशंका पर दिल्ली और लखनऊ की आयकर टीमों ने मंगलवार की देर शाम सीबीगंज की सुपीरियर शराब फैक्ट्री पर छापा मारा। पांच गाड़ियों से पहुंचे अधिकारी 30 घंटे से ज्यादा समय से फैक्ट्री में कई ब्रांड की देसी और अंग्रेजी शराब के उत्पादन और बिक्री के रिकार्ड खंगाल रहे हैं। फैक्ट्री के अंदर एक ट्रक पीएसी के जवान डेरा जमाए हैं। आयकर टीमों ने मालिक, मैनेजर सहित कई सीनियर पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ कर्मचारियों के मोबाइल कब्जे में ले लिए हैं। आयकर विभाग की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है लेकिन चर्चा हो रही है कि आयकर डेटा में हेरफेर कर कई करोड़ रुपये की आयकर चोरी की आशंका है।




छापेमारी के दौरान फैक्ट्री के बाहर खड़े वाहन। ● अमृत विचार

फैक्ट्री के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि मंगलवार की देर शाम करीब 7 बजे एक साथ पांच गाड़ियां एक पीएसी गाड़ी के साथ फैक्ट्री पहुंची और फैक्ट्री के अंदर दाखिल होते ही पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में ले लिया। मुख्य गेट के अंदर ताला लगाकर फैक्ट्री परिसर में बने गोदाम, उत्पादन क्षेत्र, आफिस और अकाउंट सेक्शन की घेराबंदी की। फैक्ट्री कर्मचारियों के फोन जब्त कर छानबीन शुरू की। फैक्ट्री में कई ब्रांड की देसी-अंग्रेजी शराब बनती है। टीमों ने मुख्य कार्यालय के लैपटॉप, कंप्यूटर, रजिस्टर आदि कागजातों को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। इस दौरान फैक्ट्री के अंदर-बाहर कर्मचारियों का आवागम पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया। देर रात तक आसपास की फैक्ट्री संचालकों को आयकर छापे की भनक तक नहीं लगी।

इधर, बुधवार तड़के टीमें फ्रेश होने के लिए चली गईं। कुछ देर बाद फैक्ट्री परिसर लौटीं, तब अन्य फैक्ट्री मालिकों सहित फैक्ट्री पहुंचने वाले कर्मचारियों में खलबली मची। इधर, चर्चा हो रही है कि सुपीरियर शराब फैक्ट्री की ओर से जमा किए जा रहे आयकर रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर अनियमितता मिली है। दिल्ली के अधिकारियों ने गोपनीय रूप से डेटा जुटाया, उसकी प्रारंभिक जांच में आयकर चोरी की आशंका हुई। इसके बाद ही टीमों ने फैक्ट्री पर छापा मारा। छानबीन के दौरान किसी प्रकार का कोई विरोध न हो, इसके मद्देनजर पीएसी जवानों को भी टीम साथ लेकर पहुंची थी। पीएसी का ट्रक फैक्ट्री के अंदर ही खड़ा कराया गया है, जबकि सीबीगंज थाना पुलिस चार कदम दूर थी, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं दी।

### कर्मचारियों को सघन जांच कर एक-एक कर आने-जाने दिया

आयकर अधिकारियों ने फैक्ट्री परिसर के गोदामों में मौजूद मजदूरों के भी मोबाइल जब्त किए, लेकिन शटर नीचे कर उन्हें काम करने की अनुमति दी। शिफ्ट खत्म होने पर एक-एक कर्मचारी की जांच के बाद टीम ने उन्हें फैक्ट्री से बाहर जाने दिया। कर्मचारियों को पूरी तरह नहीं रोका। आवश्यक उत्पादन कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सीमित आवाजाही कर दी। बुधवार दोपहर कई कर्मचारी फैक्ट्री के अंदर-बाहर गए। उनके हाथ में टिफिन भी थे। इस दौरान कर्मचारियों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। गेट पर तैनात फैक्ट्री के सुरक्षा गार्डों ने इतना बताया कि आयकर अधिकारी जांच कर रहे हैं, पीएसी भी अंदर है, इसके अलावा कुछ नहीं बताया।

### आयकर छापे के पैटर्न में दिखा बदलाव, शाम को पहुंचीं टीमें

इस बार आयकर अधिकारियों ने छापे के पैटर्न में बदलाव किया। बरेली में अभी तक कई प्रतिष्ठानों पर छापे मारे गए, लेकिन ज्यादातर में तड़के 4-5 बजे या फिर 7-8 बजे टीमें पहुंची। सुपीरियर शराब फैक्ट्री में छापे के मामले में आयकर टीमों ने छापा मारने का समय देर शाम का तय किया। मंगलवार की देर शाम करीब 7 बजे से चल रहे आयकर छापे की जानकारी बुधवार दोपहर तक उद्यमियों के कानों तक पहुंची। इसके बाद शराब कारोबार से जुड़े तमाम व्यापारियों के भी फोन आपस में घनघनाए और एक-दूसरे को कॉल कर अपडेट लेने की कोशिश करते रहे।

## सिटी ब्रीफ

### दिनभर बादल छाए चलती रही हवा

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में बुधवार को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। सुबह से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही और दिनभर हवाएं चलती रहीं। हवाओं की वजह से धूप का असर जरूर हुआ, हालांकि मौसम सुहावना बना रहा। शहर का बुधवार को अधिकतम तापमान 24 .9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बनी रही। अगले एक-दो दिन तक आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा में पहली पाली सुबह 8 :30 से 11 :45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 :15 बजे तक।
- रमजान के पहले रोजे पर दरगाह खानकाहे नियाजिया पर रोजा इफ्तारी शाम 6 बजे।
- श्री वनखंडी नाथ मंदिर धाम में श्री लाडलीलाल का भव्य विवाह उत्सव पर बृज के रसिकों की ओर से संकीर्तन दोपहर 12 बजे।
- राष्ट्रीय संघर्ष समिति रजिस्टर्ड की मासिक बैठक पुराने रोडवेज पर दोपहर 12 बजे।
- त्रिवटी नाथ मंदिर में मां भवानी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा-अर्चना एवं भजन संध्या सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक।
- मानवाधिकार संरक्षण एवं विकास फाउंडेशन की बैठक बीडीए कालोनी विशन नारायण अग्रवाल के निवास पर दोपहर 2 बजे।

# वर्क ऑर्डर के बाद भी नहीं पकड़े कुत्ते, एजेंसी को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम का एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर शुरू होने से पहले ही ठप हो गया है। नगर निगम की ओर से वर्क ऑर्डर जारी किए जाने के बावजूद आवारा कुत्तों को पकड़कर उन्हें एबीसी लाकर नसबंदी करके छोड़ने के लिए नामित एजेंसी संतुलन जीव कल्याण ने अब अभियान शुरू नहीं किया है। एजेंसी को पांच दिन में एबीसी का संचालन शुरू करने का नोटिस जारी किया है।




- संतुलन जीव कल्याण एजेंसी नदारद, एबीसी सेंटर का संचालन भी नहीं हुआ शुरू

शहर के कई इलाकों में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रात के समय राहगीरों और स्कूली बच्चों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों से कुत्तों के झुंड द्वारा लोगों को दौड़ाने और काटने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। आवारा कुत्तों की दहशत में बच्चे अकेले खेलने से डरते हैं। आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद शासन के आदेश पर नगर निगम हरकत में आया। निगम ने शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने के साथ ही सीबीगंज के नदौसी में लाखों रुपये खर्च करके तैयार किए गए एबीसी सेंटर का संचालन करने के लिए आनन-फानन में संतुलन जीव कल्याण को ठेका दे दिया। नगर निगम ने एजेंसी को कार्य करने के लिए तत्काल वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया। इसके बावजूद भी एजेंसी ने न तो आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू किया है और न ही अभी तक एबीसी सेंटर का संचालन शुरू किया है। एजेंसी की लापरवाही के चलते नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी को नोटिस जारी किया है और पांच दिन में अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि एजेंसी को पांच दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। निर्धारित समयावधि में एबीसी सेंटर का संचालन नहीं किया तो एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 13 फर्जी फर्मों ने की 10 करोड़ की टैक्स चोरी

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- दूसरों के पैन और आधार पर कराया रजिस्ट्रेशन, महाराष्ट्र-केरल से भर रहे थे रिटर्न
- जीएसटी विभाग ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज करते हुए कार्रवाई का खाका किया तैयार

**अमृत विचार :** टैक्स चोरी करने के लिए अब फर्म संचालक साइबर ठगों की तरह दूसरों के पैन तथा आधार के जरिये फर्मों का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इसका खुलासा जीएसटी विभाग की टीम के जांच में हुआ है। फर्म संचालक महाराष्ट्र और केरल में बैठ कर रिटर्न भर रहे हैं। इस पर विभाग ने जोन के चारों जिलों में हाल ही में कुल 13 फर्जी फर्म संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राथमिक जांच में 10 करोड़ रुपये टैक्स चोरी के साक्ष्य सामने आए हैं। इसकी जांच अब तेज कर दी गई है।

जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि फर्जीवाड़े के सबसे अधिक मामले बरेली से सामने आए हैं। विभाग ने बरेली में 11, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिले में एक-एक फर्जी फर्म के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच में सामने आया है कि कई फर्मों का रजिस्ट्रेशन बरेली में कराया गया है, लेकिन उनके जीएसटी रिटर्न महाराष्ट्र और केरल समेत अन्य राज्यों से ऑनलाइन भरे जा रहे थे, जिससे विभाग को लंबे समय तक गड़बड़ी का संदेह नहीं हो सका। इन फर्मों को कई बार नोटिस भी जारी किया गया, मगर उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद विभाग सक्रिय हुआ और फर्जी फर्मों के खिलाफ अभियान शुरू किया। विभाग को संदेह है कि इस तरह की और भी कई फर्में बनाई गई हैं। विभाग इनकी भी गहनता से जांच कर रहा है। विभाग का दावा है कि जल्द ही इन सभी के खिलाफ कार्रवाई कर गिरफ्तारी भी कराई जाएगी।

**एयर इंडिया में नौकरी दिलाने के नाम पर लिया दस्तावेज :** जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि एक फर्म के खिलाफ जब जांच की गई तो जांच में खुलासा हुआ कि फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह ने एक युवा को एयर इंडिया में नौकरी दिलाने के नाम पर उसके सभी दस्तावेज लिए और नंबर कंफर्म करने के नाम पर ओटीपी लेकर उसके कागजात पर फर्म रजिस्टर्ड करा दी। जांच में पता चला कि जिसके नाम से फर्म रजिस्टर्ड है, उसे इसकी भनक तक नहीं है। पूछताछ में जानकारी हुई कि नौकरी के नाम पर दस्तावेज लिए गए थे। उसी फर्म से बोगस बिलिंग और आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) के जरिये टैक्स चोरी को अंजाम दिया जाता रहा। विभाग का मानना है कि यह मामला केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतर्राज्यीय नेटवर्क की भी संभावना है। रिटर्न अन्य राज्यों से भरे जाने और बैंक खातों के लेन-देन के पैटर्न से संकेत मिल रहे हैं कि इस गिरोह की जड़ें कई राज्यों तक फैली हो सकती हैं।

### कार्रवाई की तैयारी, खातों की पड़ताल शुरू

जीएसटी विभाग अब संबंधित फर्मों के बैंक खातों, लेन-देन, ई-वे बिल और आईटीसी क्लेम की बारीकी से जांच कर रहा है। जल्द ही खाते फ्रीज करने, नोटिस जारी करने का भी काम शुरू करेगी। दस्तावेजों का दुरुपयोग करने वाले मुख्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी भी कराई जाएगी, जिससे किसी तरह की गड़बड़ी न हो सके। साथ ही विभाग ने आम नागरिकों से अपील भी की है कि किसी भी संस्था या व्यक्ति को अपने पैन-आधार की कॉपी देने से पहले पूरी सतर्कता बरतें। साथ ही जिन लोगों को संदेह हो कि उनके दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल हुआ है, वह तत्काल विभाग से संपर्क करें।

> जांच में फर्जी फर्मों का संगठित नेटवर्क सामने आया है। दूसरों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बोगस बिलिंग और आईटीसी क्लेम किया गया है। लगभग 10 करोड़ रुपये की कर चोरी की आशंका है। संबंधित फर्मों के बैंक खातों और लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। 13 फर्जी फर्म संचालकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है।
>
> **-आशीष रंजन**, जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन



अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

# सुबह हटाया अतिक्रमण शाम को सज गई दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम टीम ने डेलापीर तालाब के पास चलाया था अतिक्रमण हटाओ अभियान

**अमृत विचार :** डेलापीर तालाब के आस-पास बुधवार को नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, मगर टीम जाते ही दोबारा से अस्थाई दुकानें सज गईं। जिससे हालात पहले जैसे हो गए।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर टीम ने सुबह तालाब के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाकर 32500 रुपये का जुर्माना वसूला था। इस दौरान टीम को काफी विरोध का भी सामना करना पड़ा। मगर प्रवर्तन दल की मौजूदगी में अवैध कब्जे हटा दिए गए। हालांकि, टीम के जाते ही दोबारा फड़ व अस्थाई दुकानें सज गईं। सड़क किनारे अतिक्रमण शुरू हो गया। इससे यातायात फिर बाधित हो रहा है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि स्थायी समाधान के बिना ऐसी कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। स्थानीय लोगों ने मांग करते हुए कहा कि नियमित निगरानी और सख्ती से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

### अवैध कॉलोनी पर गरजा बीडीए का बुलडोजर



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) टीम ने थाना बिथरी चैनपुर के ग्राम सिमरा अजूबा बेगम में बुधवार को अवैध कालोनी पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यहां पर तीन हजार वर्ग मीटर पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था। नीतू पटेल की ओर से ग्राम सिमरा अजूबा बेगम में तीन हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना बीडीए की स्वीकृति के भूखंडों का चिन्हांकन, बाउंड्रीवाल का काम कराया जा रहा था।

## अस्पतालों में सहरी का सामान पहुंचाएगी रजा एक्शन कमेटी

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट रमजान में अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को सहरी का सामान पहुंचाएंगे। हनीफ रजा अजहरी ने बताया कि अस्पतालों में मरीजों के साथ ठहरे तीमारदारों को सहरी पैकेट भेजेगी।

आरएसी के वालंटियर अस्पतालों में जाकर वहां भर्ती मरीजों के तीमारदारों को सहरी पैकेट देंगे। इसका नाम आरएसी सहरी सर्विस रखा गया है।

आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने अस्पतालों के प्रबंधकों से इस सेवा को सुचारू बनाने में सहयोग की अपील की है।

## सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने को नोडल अधिकारी नामित

**बरेली, अमृत विचार :** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के संबंध में बैठक की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर हीट वेव कार्ययोजना-2026 प्राधिकरण को उपलब्ध करानी है, जिसके अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी एफआर व मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद स्तर पर, समस्त उप जिलाधिकारी को तहसील एवं समस्त खंड विकास अधिकारी को विकास खंड स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया है। संबंधित कार्यालय के अध्यक्षों को विभागवार अपने से संबंधित आवश्यक हीट वेव कार्ययोजना तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अवगत कराया कि विषय विशेषज्ञों कि नियुक्ति की जानी है, इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश आपदा विशेषज्ञ को दिये गए। संबंधित विभागों का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर आवश्यक सूचनाएं साझा करने के भी निर्देश दिये हैं। नगर निगम, बीडीए, चिकित्साधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारियों सहित जिला आपदा विशेषज्ञ कुंवर शुभ अक्षत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# होली : जंक्शन से गुजरेंगी चार स्पेशल ट्रेन, समय सारणी जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- होली पर आने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** होली के चलते रेलवे ने बुधवार को चार और स्पेशल ट्रेनों के चलाने की घोषणा की है। ये सभी ट्रेनें बरेली जंक्शन से गुजरेंगी। इसकी समय सारणी जारी कर दी गई है। इससे होली के मौके पर आने जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेलवे के अनुसार 05005 बढ़नी-अमृतसर स्पेशल ट्रेन चार से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को बढ़नी से दोपहर 3:10 बजे चलने के बाद रात 11:10 बजे बरेली आएगी। वहीं 05006 अमृतसर-बढ़नी स्पेशल ट्रेन पांच से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को अमृतसर से दोपहर 12:45 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 8:15 बजे बरेली पहुंचेगी। इसके अलावा 05301 मऊ-अंबाला स्पेशल ट्रेन पांच से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को मऊ से सुबह चार बजे चलने के बाद दोपहर तीन बजे बरेली आएगी। 05302 अंबाला-मऊ स्पेशल ट्रेन छह से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को अंबाला से रात 1.38 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 10:38 बजे बरेली पहुंचेगी।

04829 जोधपुर-गोरखपुर होली विशेष ट्रेन पांच से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार के लिए जोधपुर से शाम 5:35 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 9:51 बजे बरेली आएगी। 04731 श्रीगंगा नगर-समस्तीपुर होली विशेष गाड़ी एक से 29 मार्च तक प्रत्येक रविवार के लिए श्रीगंगा नगर से दोपहर 1:25 बजे चलने के बाद अगले दिन तड़के 5:47 बजे बरेली पहुंचेगी।

**जगी आस** | जेवर एयरपोर्ट शुरू होने के बाद नई दिल्ली के एयरपोर्ट से उड़ानों का लोड होगा कम

# बरेली-दिल्ली उड़ान के लिए स्लॉट मिलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एयरपोर्ट अथॉरिटी बरेली से दिल्ली उड़ान शुरू कराने के लिए लगातार कर रहा प्रयास

**अमृत विचार :** जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद बरेली-दिल्ली के लिए उड़ान शुरू होने की उम्मीद बढ़ गयी है। इस महीने जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रस्तावित है। बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के अनुसार जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद नई दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों का लोड कम हो जाएगा, इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट से बरेली के लिए स्लॉट मिल जाएगा।




दरअसल, स्लॉट न मिलने की वजह से इंडिगो बरेली-दिल्ली उड़ान सेवा शुरू नहीं कर पा रहा है। दो से तीन माह में बरेली से दिल्ली उड़ान शुरू होने की उम्मीद जताई गयी है। बरेली वासियों को इस उड़ान का बेसब्री से इंतजार है। डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) से बरेली-दिल्ली उड़ान शुरू कराने के लिए पिछले साल ही इंडिगो को अनुमति मिल गयी। इंडिगो के अधिकारी बरेली-दिल्ली उड़ान के लिए नई दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी को स्लॉट देने के लिए कई बार पत्राचार कर चुके हैं, मगर उड़ानों का ज्यादा दबाव होने की वजह से बरेली-दिल्ली उड़ान के लिए इंडिगो को स्लॉट नहीं मिल पाया। इधर, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की शुरू हुई कवायद के बीच बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी की बरेली के लिए नई दिल्ली से स्लॉट मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं, बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के बाद नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का दबाव कुछ कम होगा, वहां दबाव कम होते ही बरेली-दिल्ली उड़ान के लिए स्लॉट मिलने की उम्मीद है।

### नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मांगा लीज एग्रीमेंट का प्रोफार्मा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कवायद तेज होने के बाद भूमि का लीज एग्रीमेंट न बनने से रुक गयी है। लैंड लीज एग्रीमेंट जल्द कराने के लिए बरेली एयरपोर्ट निदेशक ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से प्रोफार्मा मांगा है, ताकि राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच लीज एग्रीमेंट बनवाया जा सके। पहले जिला प्रशासन से लीज एग्रीमेंट का प्रोफार्मा मांगा गया, लेकिन प्रशासन उपलब्ध नहीं करा पाया, इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय से प्रोफार्मा मांगा है। एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल का कहना है कि एग्रीमेंट का फार्मा मिलते ही लीज एग्रीमेंट तैयार कराकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लीज एग्रीमेंट न बनने से प्रक्रिया रुकी हुई है। दरअसल, एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 44 करोड़ से ज्यादा की निजी भूमि क्रय की गयी है।

## बॉक्सिंग के लिए बरेली कॉलेज में टीम का ट्रायल कल

- 21 फरवरी को आयोजित होगी प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय महिला और पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 फरवरी को एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज बदायूं में होगा। बरेली कॉलेज में बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से 20 फरवरी को सुबह 10 से खेल मैदान में किया जाएगा। क्रीड़ा सचिव विवेक डागर ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को ट्रायल में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।

# रमजान : इंतजार खत्म, चांद का हुआ दीदार, पहला रोजा आज

## मौसम साफ नहीं होने की वजह से बनी रही असमंजस की स्थिति, दरगाह पर चांद की शाहदत आने के बाद किया गया एलान, जश्न का माहौल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बुधवार को शाम होते ही दरगाह, मस्जिद और घरों की छतों से लोग रमजान के चांद दिखने का इंतजार करते रहे। लेकिन मौसम साफ नहीं होने की वजह से चांद नजर नहीं आया। इसके बाद दरगाह पर रात करीब 9 बजे परतापुर के लोग चांद देखने की शाहदत लेकर पहुंचे। दरगाह आला हजरत की तरफ से चांद दिखने का एलान किया गया है। गुरुवार को पहला रोजा रखा जाएगा। रमजान के चांद का दीदार होते ही शहर में जश्न शुरु हो गया।

लोग सहरी के सामान के लिए बाजार में खरीददारी करने के लिए निकल पड़े। गुरुवार को पहला रोजा रखा जाएगा। एक माह तक मस्जिद और घरों में इबादत का दौर चलेगा। इसके साथ ही मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज शुरु हो गई है। चांद के दीदार के साथ ही दरगाहों, खानकाहों व शहर की छोटी व बड़ी मस्जिदों में नमाज़-ए-तरावीह भी शुरू हो गई। एक महीने बाद ईद मनाई जाएगी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन अहसन मियां ने सभी देशवासियों को रमजान की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि सहरी खाना सुन्नत है उसका एहतिमाम किया जाए। अल्लाह के रसूल ने इरशाद फरमाया कि "जो शख़्स बगैर बीमारी या बगैर उज़्र (जरूरत) के रोज़ा छोड़ दे, फिर वह सारी उम्र भी रोजा रखे तो उस रोजे का सवाब हासिल नहीं कर सकता। इसलिए मुसलमान खुशदिली के साथ पूरे महीने के रोज़े रखकर अपने रब को राजी करें।


दरगाह आला हजरत से रमजान का चांद देखने की कोशिश करते कमेटी के सदस्य। ● अमृत विचार


सैलानी बाजार में सेवई और खजला की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### बाजार में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

चांद की शाहदत और रमजान के एलान के बाद बाजार में लोग सहरी के सामान की खरीदारी के लिए दौड़ पड़े। शहर के आजमनगर, श्यामगंज, पुराना शहर, सैलानी, किला समेत अन्य बाजार में खजला फेनी, दूध और सहरी के लिए अन्य सामान को देर रात तक लोग खरीददारी करते दिखे। चांद रात में बाजार में रौनक देखते ही बन रही थी।

### दरगाह समेत कई जगह देखा गया चांद

बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद शहर के दरगाह आला हजरत, खानकाह ए नियाजिया, दरगाह नासिर मियां समेत कई जगह पर चांद देखने का एहतिमाम किया गया था। इस दौरान दरगाह पर मुफ्ती सलीम नूरी, मुफ्ती जईम रजा, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, औररंगजेब नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, शान रजा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रमजान में खाने और चाय के होटलों को बंद रखें : मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस्लाम धर्म में रमजान का महीना बहुत पवित्र है, पूरे महीने में खुदा ने 30 रोजे रखने का हुक्म दिया है। मौलाना ने अपील करते हुए कहा है कि रमजान में खाने और चाय के होटलों को बंद रखें। मौलाना ने कहा कि देखा जाता है कि मुस्लिम क्षेत्रों में दिन में भी खाने पीने के होटल खुले रहते हैं, जिससे रोजे की पवित्रता भंग होती है। रमजान का महीना साल भर में एक बार आता है। मौलाना ने मस्जिद के इमामों से अपील करते हुए कहा कि सहरी का सिर्फ समय बताएं कि कब सहरी का वक्त खत्म हो रहा है और नमाज और दुआओं के बारे बताएं। अनावश्यक तौर पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बहुत ज्यादा न करें। इस वक्त हाईस्कूल और इंटर के एग्जाम चल रहे हैं। बच्चे रात व दिन मेहनत में लगे रहते हैं, सभी लोगों की भावनाओं का ख्याल रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम साफ सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था बेहतर रखे, ताकि रोजेदारों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सिटी ब्रीफ

### जूता फेंक कर दादी को मारा, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक ने दादी पर हमला कर दिया। विरोध करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वीरसावरकर नगर निवासी सुशीला देवी ने बताया कि 17 फरवरी की सुबह उसका नाती अभि ने जूता फेंककर मारा। जिससे उसके हाथ में चोट आ गई। उसके बाद नाती गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी दी

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में युवक के साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। बाग ब्रिगटान निवासी यामीन कुरैशी ने बताया कि 15 फरवरी की दोपहर दो बजे केके हॉस्पिटल सामने गली में उसके साथ शाहिद और प्रेम लकड़ी लेकर गए थे। आरोप है कि वहां पर मौजूद संतोष और उसके दो अन्य साथियों ने मारपीट कर गाली गलौज की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने संतोष और दो अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रुपये दोगुने करने के लालच में चार लाख गए

**बिशारतगंज/बरेली , अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सदुल्लागंज गांव में लालच इतना महंगा पड़ा कि एक परिवार के घर से चार लाख व जेवर चले गए। इसकी शिकायत एसएसपी से की गई है। कांति देवी निवासी सदुल्लागंज ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि दिवाली के दिन उनके घर तांत्रिक बाबा आया और तंत्र विद्या करके चार लाख रुपये व जेवर लूट ले गया। उसने अपना नाम देवचंद निवासी सुल्तानपुर मंडी बालक नाथ बरेली बताया था। बाबा ने रुपया दोगुना करने की बात कही थी। इसी लालच में युवती लालच में आ गई। बाबा का दिया मोबाइल नंबर मिलाती है तो वह तरह तरह के बहाने बनाकर मोबाइल बंद कर लेता है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच राजीव कुमार एसआई को सौंपी गई है।

# हमलावर सांड को पकड़ कर चौबारी गोशाला भेजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लाल फाटक पुल के पास तथा बुखारा मोड़ से लेकर बभिया तक क्यारा रोड तक आवारा पशुओं का आतंक रहता है। इस क्षेत्र में हमलावर सांड आए दिन राहगीरों पर हमला करते रहते हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग लगातार लापरवाही करते रहे। इसी लापरवाही में सांड के हमले में किसान की जान चली गई। इसके बाद सोया हुआ सिस्टम जागा और सांड को बेहोश करके चौबारी स्थित गौशाला भिजवाया।

बभिया निवासी मुनेंद्र ने बताया कि इलाके में छुट्टा पशुओं का आतंक है। उन्होंने कहा कि इलाके में बहुत छुट्टा पशु हैं, लेकिन इस सांड़ को मंगलवार को कोई यहां छोड़कर गया था। गांव में कोई गौशाला नहीं है। शहर से पकड़े जाने वाले छुट्टा पशुओं को गांव में छोड़ दिया जाता है। इस सांड़ को भी कोई छोड़ गया था।

हमले में किसान की मौत की खबर सुनकर पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंच कर सांड को बेहोश करके चौबारी स्थित गौशाला में भिजवाया। बताया जा रहा है कि सांड हिंसक हो गया था। इससे पहले भी पिछले साल सांड के हमले से ठिरिया निजावत खां रोड पर जा रहे बुजुर्ग की भी मौत हुई थी और एक वकील को सांड ने गंभीर घायल कर दिया था।


सांड को बेहोश कर रेस्क्यू करती पशु चिकित्सकों की टीम। ● अमृत विचार

● पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंच कर सांड को बेहोश करके किया रेस्क्यू


अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

### अविवाहित थे किसान, तीन भाइयों में थे बड़े

70 वर्षीय किसान रामफेर पाराशर अविवाहित थे। परिजनों ने बताया कि वह खेती-किसानी करके अपना जीवन यापन कर रहे थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि जंगली सांड पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है, लेकिन ग्राम प्रधान समेत संबंधित जिम्मेदारों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि लापरवाही के कारण ही उनके चाचा की जान गई है।

# क्रिटिकल केयर अस्पताल की मांग, किया प्रदर्शन

● आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में प्रस्तावित क्रिटिकल केयर अस्पताल को लखनऊ शिफ्ट किए जाने के विरोध में बुधवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट गेट पर धरना प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व दिल्ली के गोकलपुर क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र कुमार ने किया। पदाधिकारियों ने बरेली में ही क्रिटिकल केयर अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग उठाई। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने डीएम को ज्ञापन देने की जिद की।

डीएम के न्यायालय में होने की जानकारी मिलने पर अपर नगर मजिस्ट्रेट विजय सिंह को ज्ञापन सौंप दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2021 से बरेली में क्रिटिकल केयर अस्पताल के लिए भूमि की मांग की जा रही थी। कमिश्नर स्तर पर स्वीकृति मिलने के बावजूद प्रशासन उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं करा सका। इसके चलते वर्ष 2026 में यह परियोजना बरेली से छिन गई। अध्यक्ष जनक प्रसाद ने डोहरा रोड क्षेत्र में पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने का दावा करते हुए कहा कि जहां निजी और व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए तेजी से भूमि चिन्हित की जाती है, वहीं जनहित की स्वास्थ्य परियोजनाओं की अनदेखी हो रही है।




# किसानों ने गिनाईं समस्याएं निस्तारण का मिला भरोसा


किसानों के साथ बैठक करते उप निदेशक कृषि हिमांशु पांडे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विकास भवन में किसान दिवस पर किसानों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में बुधवार को उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। जहां किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने समस्याएं गिनाईं। अधिकारियों ने समस्याओं का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

भारतीय किसान यूनियन( शंकर) के प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम रहटुईया तहसील आंवला में मनरेगा, विद्युत विभाग, ग्राम प्रधान और पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण करा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्र से होकर जा रही है। जिस पर राजस्व विभाग पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाए। वहीं, किसान एमपी सिंह ने बिजली विभाग की समस्या रखी। बताया कि ग्राम खनगवां श्याम में बिना मीटर के एक महीने का छह सौ रुपये का बिल आया है। शिवकुमार शर्मा ने नगरपालिका बहेड़ी की अधिशासी अधिकारी के संबंध में ज्ञापन दिया। किसान दिवस में किसानों के अलावा विभिन्न विभागों के अफसरों ने प्रतिभाग किया।

# प्रॉपर्टी के विवाद में भाई को पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्रॉपर्टी विवाद में बड़े भाई और उसकी पत्नी बेटे ने छोटे भाई को पीटकर घायल कर दिया। जबकि मां के साथ गाली गलौज की गई। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर निवासी शांति देवी ने बताया कि उनके चार बेटे हैं, जिसमें एक बेटा देवकीनंदन पिछले काफी दिनों से घर की प्रॉपर्टी को लेकर दबाव बना रहा है। आए दिन अपशब्द बोलता है। पिछले माह उसका कूल्हा टूट गया था। ऑपरेशन कराने के बाद वह चलने में असमर्थ हैं। आरोप है कि मंगलवार को देवकीनंदन अपशब्द बोल रहा था। छोटे बेटे चेतन प्रकाश ने इसका विरोध किया। इसपर देवकीनंदन, उसकी पत्नी शालिनी और वंश ने उसके छोटे बेटे के साथ मारपीट की। इसकी शिकायत थाने में की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसपर एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने देवकीनंदन, उसकी पत्नी शालिनी और वंश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हत्या में दो भाइयों समेत तीन को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

● रंजिश में 16 वर्ष पूर्व युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में कोर्ट ने जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार:** 16 वर्ष पूर्व रंजिशन युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने थाना बिथरी चैनपुर के गौटिया देवी नरायन निवासी नरेन्द्र पाल सिंह, धर्मपाल (सगे भाई), गोपी को परीक्षण में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व प्रत्येक को 16500-16500 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

सरकारी वकील राजेश्वरी गंगवार और पंकज कुमार ने बताया कि वादी मुकदमा प्रेमबाबू ने थाना बारादरी में 27 मई 2010 को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री पुष्पा की शादी नरेन्द्र के पुत्र श्याम सुन्दर उर्फ चिन्टू के साथ तय की थी। इसमें रोके में 55 हजार रुपये दिये थे। कुछ दिन बाद नरेन्द्र ने अपने पुत्र की शादी करने से मना कर दिया था।

इसके बाद उसने रोके में दिए गए रुपये भी वापस नहीं दिये। उसने बिटिया की शादी 21 मई 2010 को दूसरी जगह कर दी। नरेन्द्र और उसके साथी 27 मई 2010 को उसकी दुकानों के सामने से निकलकर जा रहे थे। इस पर उसने और छोटे भाई ने आवाज देकर अपने पैसे वापस करने को कहा। इतना कहते ही नरेन्द्र ने कहा कि तेरा रुपया मुझ पर नहीं है। अब वह वापस नहीं करेगा। इसी पर नरेन्द्र ने कहा कि तुझे जो कर मिले कर लेना, अभी तेरा हिसाब चुकता करवाता हूं।

कुछ समय बाद नरेन्द्र अपने हाथ में डंडा लेकर अपने साथ भाई धर्मपाल के साथ आया। उसके हाथ में फरसा था। श्यामसुन्दर उर्फ चिन्टू के हाथ में देशी तमंचा था, गोपी के हाथ में 12 बोर का तमंचा था। शाम करीब करीब 6.30 बजे एकराय होकर आये और नरेन्द्र ने कहा कि मारो सालों को। इतने पर ही चिन्टू व गोपी ने अपने हाथों में लिए तमंचों से और सभी ने फरसा-डंडों से हमला शुरू कर दिया। हमले में मेरे भाई बलवंत, दुर्विजय और उसे काफी चोटें आई। जब मेरा भतीजा सौरभ दुकान की छत की तरफ भागा तो इन लोगों ने छत पर जाकर भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, दुकान में घुसकर हत्या, आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 10 गवाह पेश किये।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** नाबालिग लड़की (16) को बहला-फुसलाकर ले जाने के उपरांत दुष्कर्म करने के आरोपी थाना सिरौली के ताखा उर्फ सुकटिया निवासी नाहर सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-1 हेमेन्द्र कुमार सिंह ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि 6 जनवरी को शाम 5 बजे पुत्री को नाहर सिंह बहला-फुसलाकर ले गया है। वह घर पर नहीं था, छोटी पुत्री ने सारी बातें बतायी। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 6 जनवरी को झुमका चौराहे पर नाहर ने मिलने बुलाया, मंदिर में शादी की, फिर हरिद्वार और प्रयागराज के होटल में रुके। रामपुर में शाहबाद आए कमरा लेकर रहने लगे, शारीरिक संबंध भी बने। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

# प्रताड़ना : विवाहिता ने पिया जहर, मौत

**बहेड़ी/बरेली, अमृत विचार :** एक विवाहिता की जहर पीने से मौत हो गई।आरोप है कि ससुराल में प्रताड़ना के चलते उसने जहर खा लिया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की मां ने बहेड़ी पुलिस को तहरीर दी है।

थाना शाही के गांव बिहारीपुर की रहने वाली सलता देवी ने बताया कि बेटी रिंकी की शादी दो साल पहले बहेड़ी के गांव ऐंठपुरा में की थी। आरोप है कि बेटी के ससुराल वाले उसे प्रताड़ित कर रहे थे। उसके साथ मारपीट भी की गई, और उसी से क्षुब्ध होकर बेटी ने 15 रोज़ पहले कीटनाशक पी लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे बरेली ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे दिल्ली ले जाया गया। मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतका के शव का दिल्ली में पोस्टमार्टम कराया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### गृहक्लेश में युवक ने दी जान, पत्नी समेत ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज/बरेली, अमृत विचार :** करीब एक माह पूर्व हुई युवक की आत्महत्या के मामले मृतक के पिता ने पुत्रवधू और मायके पक्ष के लोगों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी ज्ञानचन्द्र के पुत्र अतरपाल की शादी चार वर्ष पहले शेरगढ़ थाना क्षेत्र के व्योधना गांव निवासी आरती से हुई थी। पिता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही दोनों में झगड़े शुरू हो गए थे। उनका कहना है कि पुत्रवधू अक्सर झगड़ा करती थी और मायके पक्ष को बुलाकर दबाव बनवाती थी। विवाह के लगभग एक वर्ष बाद ही आरती मायके चली गई और कथित रूप से संपत्ति अपने नाम कराने का दबाव बनाने लगी, मना करने पर उनके और बेटे के खिलाफ न्यायालय में कई मुकदमे दर्ज कराए गए। दो माह पूर्व आपसी समझौते के बाद अतरपाल और उसकी पत्नी जहानाबाद में किराए के मकान में रहने लगे थे। पिता का कहना है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से आहत होकर अतरपाल ने 29 जनवरी को घर आकर आत्महत्या कर ली। अब एक माह बाद मृतक के पिता ने पत्नी और ससुराल पक्ष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने व प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# होटल के पास मिला शव, नहीं हो सकी पहचान

**बरेली, अमृत विचार:** बारादरी क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात शव पड़ा मिला, लेकिन उसकी पहचान नहीं हुई। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि विनय पुत्र जगपाल निवासी ग्राम पऊ नगला थाना भुता ने थाने पर आकर लिखित तहरीर देते हुए बताया गया कि मधुवन पैलेस के सामने श्रीजी होटल के बराबर में बंद स्मार्ट प्वाइंट कांप्लेक्स के सामने अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यह व्यक्ति स्मैक आदि का अत्यधिक नशे का सेवन करता था। कई दिन से यहीं घूम-घूम कर भीख मांग कर नशा कर रहा था। आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

# वेतन आयोग व पेंशन सुधारों पर समयबद्ध हो निर्णय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन ने कर्मियों से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन पीएम को भेजा

● केंद्र-राज्य वेतन ढांचे में समानता और नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता व पेंशन लाभ बहाली की भी मांग

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन ने बुधवार को केंद्रीय, राज्य तथा स्वायत्त संस्थाओं के कर्मचारियों से जुड़ी प्रमुख मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। फेडरेशन ने आठवें वेतन आयोग के गठन की पहल का स्वागत करते हुए उसकी रिपोर्ट 200 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय करने की मांग की है।

संगठन का कहना है कि देरी से एचआरए, टीए समेत अन्य वित्तीय लाभ प्रभावित हो सकते हैं। फेडरेशन ने एनपीएस व यूपीएस कर्मचारियों को सामान्य व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर भी पुरानी पेंशन योजना का विकल्प देने की मांग की है। साथ ही 30 मार्च 2021 के आदेश के तहत मृत्यु या दिव्यांगता मामलों में पुरानी पेंशन का विकल्प को सभी केंद्रीय स्वायत्त संस्थाओं और केंद्र शासित प्रदेशों में समान रूप से लागू करने की मांग की है। संगठन ने केंद्र-राज्य वेतन ढांचे में समानता और नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता व पेंशन लाभ बहाली की भी मांग उठाई है।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## स्ट्रीट लाइट : बल्ब गायब तो कहीं पोल गिरताऊ



शहर के प्रमुख मार्ग पर स्ट्रीट लाइट तो लगा दी गईं, लेकिन उनकी क्या स्थिति पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बल्ब गायब हैं तो कहीं एलईडी उखड़ी हैं। कुछ स्थानों पर पोल गिरताऊ हाल में हैं। अफसोस, जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। मोहित कुमार सिंह

## सिटी ब्रीफ

### वृद्धाश्रम में शिविर लगाकर 118 की सेहत जांची

**बरेली, अमृत विचार** : बदायूं रोड स्थित समाज कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीनियर डिवीजन अपर सिविल जज ने किया। स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉ. आशीष सिंह, डॉ. मयंक, डॉ. निशांत, डॉ. एके शर्मा ने वृद्धाश्रम के वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शुगर ब्लड प्रेशर, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। 118 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं निशुल्क बांटी। स्वास्थ्य शिविर में वृद्धाश्रम की प्रबंधक कांता गंगवार, सोनू मिश्रा, रचना आदि का सहयोग रहा।

### बरेली कॉलेज में विधि और विज्ञान के नए कोर्स शुरू करने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में जल्द विधि और विज्ञान से जुड़े तीन नए कोर्स शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है। कॉलेज प्रशासन ने इन कोर्सों के लिए प्रस्ताव तैयार कर विश्वविद्यालय को भेज दिया है। विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलते ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। कॉलेज में पहले से ही 15 से 20 रोजगारपरक कोर्स चल रहे हैं। अब नए कोर्स शुरू होने से छात्रों को करियर के और बेहतर विकल्प मिलेंगे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि कोशिश है कि नए सत्र से ही इन कोर्सों में प्रवेश शुरू कर दिया जाए। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि इससे संस्थान की शैक्षणिक छवि और मजबूत होगी और छात्रों को आधुनिक विषयों की पढ़ाई का मौका मिलेगा।

### किसान सारथी कोष पर राष्ट्रीय कार्यशाला 24 को

**बरेली, अमृत विचार** : आईवीआरआई में 24 फरवरी को किसान सारथी कोष पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य नोडल अधिकारियों, वैज्ञानिकों, वरिष्ठ वैज्ञानिकों, प्रधान वैज्ञानिकों तथा संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुखों एवं विषय विशेषज्ञों की तकनीकी एवं परामर्श क्षमता को मजबूत करना है।

## पीएम कुसुम योजना : उपकरण नहीं किये इंस्टाल, एजेंसियां तलब

- डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के तहत विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा की
- बिना कारण बताये अनुपस्थित रहने पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगा

**बरेली, अमृत विचार** : डीएम अविनाश सिंह ने सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत आने वाले विकास एवं निर्माण कार्यों के साथ पिछले माह कृषि विभाग की रैंकिंग गिरने के कारणों की समीक्षा की।

इस दौरान उप निदेशक कृषि ने अवगत कराया कि पीएम कुसुम योजना से जुड़ी एजेंसियों ने माह के अंतिम दिन लाभार्थियों को स्वीकृति कर दी, लेकिन तुरंत उपकरणों का इंस्टालेशन नहीं किया, इस कारण रैंक गिर गई। इसपर जिलाधिकारी ने दोनों एजेंसियों को तलब करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित बैठक में डीएम ने डीसी एनआरएलएम को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर उनका स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये।

अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिये कि अपने विभाग की अलग से बैठक करें, जहां पर कार्य शत-प्रतिशत और 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है, वहां मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराएं।


डीएम ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जनपद की रैंकिंग तय की जाती है। कोई भी अधिकारी बिना कारण बताए बैठक में अनुपस्थित रहेगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी को वेट और हाइट की मशीन पहले आकांक्षात्मक विकास खंड फिर अन्य विकास खंडों में वितरित करने के निर्देश दिए। सीडीओ देवयानी, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, सीवीओ डॉ. मनमोहन पांडेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी नरेगा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति अफसरों का ट्रांसफर, रोक

### एसआईआर कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का हवाला देकर डीडीओ और बीएसए को जारी किया पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- एसआईआर अर्थात विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में जुटे अधिकारियों का स्थानान्तरण भारत निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति के बिना न करने के निर्देश उप जिला निर्वाचान अधिकारी ने किये जारी

**अमृत विचार** : विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में तैनात बेसिक शिक्षा विभाग और जिला विकास विभाग के कई अधिकारियों का बिना अनुमति ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा का पत्र मिलने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बीएसए और डीडीओ को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि एसआईआर कार्य में जुटे अधिकारियों का ट्रांसफर भारत निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति के बिना न करें।

इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में लगे किसी भी अधिकारी का स्थानान्तरण निर्वाचन आयोग की अनुमति लेकर ही करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विकास अधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग पूर्व में निर्देश दिए थे कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अवधि में एसआईआर के कार्यों से संबद्ध अधिकारियों का स्थानांतरण के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाए। नोटिस चरण में नोटिसों की सुनवाई 27 मार्च तक की जानी है। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों अधिकारियों से कहा है कि बिना आयोग की पूर्वानुमति के एसआईआर की कार्यवाहियों से संबद्ध अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है, जिससे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

यह भी निर्देश दिए हैं कि एसआईआर की अवधि में निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों से संबद्ध अधिकारियों का स्थानांतरण और तैनाती करने से पूर्व भारत निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त करें।

## कार्यालय में नहीं है 1987 से 1996 तक की वोटर लिस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआईआर में जरूरत पड़ने पर आरटीआई से वोटर लिस्ट मांगने पर हुआ खुलासा
- पुराना शहर के हजियापुर निवासी मुनिफा ने मांगी थी कसाईटोला कटीकुईया बूथ की सूचना

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन कार्यालय में 1987 से 1996 तक की वोटर लिस्ट नहीं है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में वोट बनवाने के लिए जरूरत पड़ने पर हजियापुर, पुराना शहर निवासी मुनिफा ने आरटीआई से वोटर लिस्ट मांगी। जवाब में जिला निर्वाचन कार्यालय से उपलब्ध करायी जानकारी में इसका खुलासा हुआ। दरअसल, मोहल्ला प्यास कसाई टोला कटीकुईंया के वोट आजाद इंटर कॉलेज परिसर के मतदान केंद्र पर पड़ते हैं। मकान नंबर 76 की वोटर लिस्ट की एसआईआर में जरूरत पड़ी।

हजियापुर, पुराना शहर निवासी मुनिफा पत्नी स्व. मो. आलम ने जिला निर्वाचन कार्यालय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई) के जरिए वोटर लिस्ट मांगी। इसके जवाब में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने आवेदक मुनिफा को सूचना भेजी, जिसमें बताया है कि वर्ष 1987 से वर्ष 1996 तक मोहल्ला प्यास कसाई टोला कटकुईया की मकान नंबर 76 की वोटर लिस्ट की आवश्यकता है।

वर्तमान में मकान नंबर 76 कसाईटोला कटकुइया की 2003 का भाग संख्या 135 है और विधानसभा कैंटोनमेंट है।

मांगी गई अवधि की मतदाता सूची का रिकार्ड जिला निर्वाचन कार्यालय में न होने के कारण सूचना उपलब्ध नहीं है।

## अब स्ट्रेचर पर बैठे कुत्ते का फोटो हो रहा वायरल



जिला अस्पताल की मोर्चरी के पास रखे स्ट्रेचर पर बैठा कुत्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता। बरेली

- जिला अस्पताल में आवारा कुत्तों का आतंक, दहशत में मरीज

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। अब स्ट्रेचर पर बैठे कुत्ते का फोटो वायरल हो रहा है।

कुछ समय से जिला अस्पताल परिसर में कुत्तों की आवाजाही कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। नगर निगम कई बार अभियान चलाता है, लेकिन यहां फिर से कुत्ते आ जाते हैं। दो दिन पहले अस्पताल परिसर की दीवार पर जहां लिखा था कुत्ते के काटने के इंजेक्शन इधर लगाए जाते हैं, उस पर बैठे कुत्ते का फोटो वायरल हुआ था। वहीं बुधवार को मोर्चरी के पास रखे स्ट्रेचर पर कुत्ता आराम करता दिख रहा है। जबकि यह स्ट्रेचर शव को उठाकर मोर्चरी में रखने और और बाहर निकालने के लिए काम में लाया जाता है। मंडलीय अपर निदेशक डॉ. अजय मोहन अग्रवाल का कहना है कि कई बार नगर निगम से इसकी शिकायत की जा चुकी है। उनकी टीम यहां पर समय-समय पर आती भी है। हम लोग अक्सर नगर निगम से कुत्तों को पकड़ने के लिए पत्र लिखते रहते हैं।

# नवीन खोज को पेटेंट कराना जरूरी : डॉ. भारत

- ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को दी पेटेंट कराने की जानकारी
- बीआईयू की कुलपति डा. लता अग्रवाल ने कार्यक्रम को सराहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों के साथ अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** किसी भी नवीन खोज उसका डिजाइन फीलिंग और पेटेंट करने जरूरी है। पेटेंट कराने के लिए किन चीजों की जरूरत पड़ती है? उसकी प्रक्रिया क्या है? इस पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें ऑनलाइन विद्यार्थियों को इसकी पूरी जानकारी दी गई।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज आफ फार्मेसी द्वारा बुधवार को बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पेटेंट का डिजाइन और फीलिंग विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट नागपुर के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के अंतर्गत संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता डॉ. भारत एन सूर्यवंशी ने पेटेंट एवं डिजाइन पर ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने अविष्कारों और खोज की सुरक्षा की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। बताया कि मौलिक विचार या तकनीकी नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अपने विचारों को व्यावसायिक रूप देना जरूरी है। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने पेटेंट और बौद्धिक संपदा से जुड़े बहुत सारे प्रश्न डॉ. भारत से पूछे, जिसका उन्हें उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. सुशील ठाकुर, डीन फार्मेसी संकाय डॉ. पुष्पेंद्र कनौजिया भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्याशाला विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति और नई भावना के साथ उनके बौद्धिक बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पारस कुमार प्रजापति ने किया।

## शनिवार को खुलेगा पासपोर्ट कार्यालय अपॉइंटमेंट जारी

**बरेली, अमृत विचार:** पासपोर्ट कार्यालय 21 फरवरी शनिवार को अवकाश के दिन भी स्पेशल ड्राइव चलाकर पासपोर्ट बनाने का काम करेगा। इसको लेकर 1400 अपॉइंटमेंट पासपोर्ट सेवा की वेबसाइट पर रिलीज कर दिए गए हैं।

पासपोर्ट अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि 21 फरवरी शनिवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पासपोर्ट सेवा केंद्र, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी पोस्ट आफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को खोलकर 1400 आवेदकों के आवेदन पत्र जमा किए जाएंगे।

1400 ऑनलाइन अपॉइंटमेंट्स में से मुरादाबाद के 90, पासपोर्ट सेवा केंद्र बरेली के 90, बिजनौर 90, पीलीभीत 90, रामपुर 90, नगीना 50, अमरोहा के 50, बदायूं के 50 अपॉइंटमेंट्स पासपोर्ट सेवा वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं।

## बूथ और सेक्टर पर मजबूती से काम करें कार्यकर्ता : मुनकाद अली




बसपा की मंडलीय बैठक में पूर्व सांसद मुनकाद अली एवं अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश में 2027 में सरकार बनाने के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने कमर कस ली है। बुधवार को पार्टी के तुलसीनगर स्थित कार्यालय पर मंडलीय समीक्षा बैठक बुलायी गयी। बैठक में सुप्रीमो मायावती के निर्देशों पर बूथ और सेक्टर पर भाईचारा कायम रखते हुए 2027 में सरकार बनाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशों को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बताया। कहा कि संगठन को तैयार कर बूथ और सेक्टर पर जाकर मजबूती से काम करना है। इसका रोजाना ब्यौरा रजिस्टर पर दर्ज करना है। कहा कि सभी अपने पदाधिकारियों को 50 रुपये की रसीद काटकर सदस्य बनाएं। जिससे 2027 में सरकार बनायी जा सके। सभी को गांव-गांव कैडर के माध्यम से बसपा सरकार में किए गए कार्यों को लोगों तक पहुंचायें। लोगों को जागरूक कर पार्टी का जनाधार बढ़ाना है। मीटिंग में जिला अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह के साथ जिला महासचिव जितेंद्र श्रीवास्तव, सचिव वेद प्रकाश मिंटू, कोषाध्यक्ष शरीफ अल्वी, कोषाध्यक्ष डॉ. अरविंद पाठक उपस्थित रहे।

## बैंक मित्रों और बीसी सखियों का हुआ सम्मान



सम्मान समारोह में बैंक मित्रों और बीसी सखियों के साथ बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को शहर के निजी होटल में व्यवसाय प्रतिनिधियों (बैंक मित्रों) एवं बीसी सखियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 300 बैंक मित्रों ने भाग लिया। बैंक अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यवसाय प्रतिनिधियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से बीकेसीसी खातों के समय पर रोल-ओवर के महत्व पर जोर देते हुए बैंक मित्रों से ग्राहकों को इसके लाभ समझाने का आह्वान किया गया। साथ ही केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की जानकारी भी दी गई। अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक प्रतीक अग्निहोत्री, क्षेत्रीय प्रमुख बिशंभर दत्त, उप-क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में गार्ड और फौजी में तकरार

- पर्चा काउंटर के बाहर खड़ी बाइक हटाने पर विवाद

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में बाइक खड़ी करने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड और फौजी में तकरार हो गई। लोगों ने दोनों को समझकर मामला शांत कराया।

बुधवार दोपहर 1 बजे लगभग खुद को फौजी बताने वाले युवक ने जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर के पास बाइक खड़ी कर दी। यह देखकर वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने इसका विरोध किया तो फौजी उनसे गाली-गलौज करने लगा। गार्ड ने समझने की कोशिश की तो विवाद और बढ़ गया। वहां भीड़ जुट गई। काफी देर तक मामला शांत नहीं हुआ तो लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद फौजी गार्ड को देख लेने की धमकी देते हुए बाइक लेकर चला गया।

**अभियान** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अनेक जिलों में घूमकर 23 फरवरी को बरेली में होगी सम्पन्न

# सौहार्द-एकता का संदेश देने निकली सृष्टि पूर्ति कार रैली

- मेयर डॉ. उमेश गौतम और रोटरी हेरिटेज अध्यक्ष ने शिल्पी शर्मा ने झण्डी दिखाकर किया रवाना
- 23 फरवरी को समापन अवसर पर बरेली में किया जाएगा पीस सेमिनार

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सृष्टि पूर्ति पीस कार रैली को झण्डी दिखाकर रवाना करते महापौर डॉ. उमेश गौतम व रोटरी क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : शांति, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देने के लिए बुधवार को रोटरी द्वारा सृष्टि पूर्ति रोटरी पीस कार रैली का शुभारम्भ किया गया। रैली का आयोजन संयुक्त रूप से रोटरी क्लब ऑफ बरेली एवं रोटरी क्लब ऑफ बरेली हेरिटेज के साथ अन्य रोटरी क्लबों के सहयोग से हुआ।

रैली को मेयर उमेश गौतम, रोटरी क्लब ऑफ बरेली हेरिटेज की अध्यक्षा शिल्पी शर्मा और सचिव रेनू प्रिया महाजन सहित अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर रवाना किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि महापौर उमेश गौतम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन विद्यार्थी ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल का ध्येय विश्व शांति और मानवीय सेवा है।

रैली अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि सृष्टि पूर्ति रोटरी पीस कार रैली बरेली से प्रारंभ होकर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, कानपुर, एटा, फर्रुखाबाद समेत कई जनपदों और उत्तराखंड के उधमसिंह नगर और नैनीताल समेत अनेक जनपदों से गुजरते हुए दोबारा बरेली में ही 23 फरवरी को संपन्न होगी। समापन पर बरेली में पीस सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। रैली का उद्देश्य विश्व शांति, मानवता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित करना है। रैली मार्ग में महादेव सेतु, सूद धर्मकांटा चौराहा और आदित्यनाथ चौराहा पर रोटरी क्लब ऑफ इज्जतनगर, रोटरी क्लब ऑफ बरेली वेस्ट, रोटरी क्लब ऑफ चैम्बर बरेली, रोटरी क्लब ऑफ बांस बरेली तथा रोटरी क्लब ऑफ बरेली फ्रेगरेंस के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। पीडीजी व डीएलएफ किशोर कटरू तथा सीडीए मोहन गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सृष्टि पूर्ति की ओर से डॉ. नीरज सक्सेना, डॉ. शाहीन परवेज, डॉ. रवि देवल एवं मयंक शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# पहले दिन पकड़ा गया एक नकलची, 5544 ने छोड़ी परीक्षा

## यूपी बोर्ड : जनपद में 130 केंद्रों पर हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा, 92193 में से 86649 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में 130 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और और इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। जिसमें 92193 में से 86649 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जबकि 5544 अनुपस्थित रहे। संवेदनशील केंद्रों पर कड़ा पहरा रहा। सदल दलों ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक छात्र नकल करते पकड़ा गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की दोनों पाली में परीक्षा थी। नकल विहीन परीक्षा के लिए जिले को जोन और सेक्टर में बांटकर ड्यूटियां लगाई गईं थीं। सचल दल केंद्रों पर जाकर चेकिंग करते रहे। परीक्षा देने में छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या अधिक रही। चेकिंग के दौरान पुराना शहर स्थित जवाहर मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल में एक छात्र नकल करते पकड़ा गया।

हाईस्कूल की प्रथम पाली में हिंदी विषय का पेपर था। जिसमें 28506 छात्रों ने और 22283 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परीक्षा देने के लिए 26093 छात्र और 21303 छात्राएं देने पहुंचे। हाई स्कूल की परीक्षा में 2413 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं हाईस्कूल में परीक्षा छोड़ने वाली छात्राओं की संख्या 980 रही। इंटरमीडिएट में भी हिंदी के दो पेपर थे। पहला हिंदी और दूसरा सामान्य हिंदी। हिंदी में 4053 छात्रों ने और 9594 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 3662 छात्र और 9197 छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हुए। जबकि 391 छात्र और 397 छात्राएं अनुपस्थित रहे। सामान्य हिंदी के पेपर में 24074 छात्रों और 8907 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 18888 छात्र और 8677 छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं पहले दिन छात्र-छात्राओं के चेहरों पर परीक्षा शुरू होने से पहले हल्की घबराहट दिखाई दी, मगर परीक्षा समाप्त होने के बाद अधिकांश विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली। परीक्षार्थियों के अनुसार हिंदी का प्रश्न पत्र आसान आया था। पहली बार बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले कई विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें शुरुआत में काफी तनाव महसूस हो रहा था। पहली बार बोर्ड परीक्षा दे रहे थे, इसलिए घबराहट थी, लेकिन पेपर उम्मीद से आसान आया। मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि पहली बार बोर्ड परीक्षा में बैठे थे। पहला पेपर हिंदी का था। जब पेपर मिला तो सब डर दूर हो गया। पेपर कोर्स में से ही आया था।

- संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर रहा कड़ा पहरा
- सचल दलों ने दोनों पालियों में किया केंद्रों का निरीक्षण


इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज में गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेतीं शिक्षिकाएं। • अमृत विचार


मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। • अमृत विचार

### कम पहुंचे कक्ष निरीक्षक

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन कुछ केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की संख्या कम रही। जिले में 130 परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। सूत्रों के अनुसार कई केंद्रों पर मानक से काम कक्ष निरीक्षक पहुंचे। हालांकि जब स्कूलों के प्रिंसिपल से इस संबंध में बातचीत की गई तो उनका दावा था कि मानक अनुसार कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। वहीं बरेली इंटर कॉलेज में 16 कमरों में परीक्षा चल रही थी। वहां 32 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी थी, मगर 18 टीचर ही ड्यूटी पर पहुंचे थे।


### नकल की पर्ची नहीं पूरी किताब लेकर पहुंचा था छात्र

बरेली, अमृत विचार : दूसरी पाली में केंद्रों पर इंटर की परीक्षा हुई। बरेली इंटर कॉलेज गेट पर टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम को एक छात्र को तलाशी में पेंट में नकल की पर्ची नहीं बल्कि पूरी किताब मिली। उससे किताब ले ली गई और डांट कर अंदर भेजा गया।



### बेटे का पैर टूटा, गोदी में लेकर पहुंचा पिता

बरेली : सात दिन पहले हाई स्कूल के छात्र हामिद का बाइक चलाते समय एक्सीडेंट हो गया था। इस हादसे में उसका पैर फैक्चर हो गया। बुधवार से शुरू हुई परीक्षा में उसका पहला पेपर था। बेटे को सहारा देने के लिए पिता उसे गोद में लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचे। इसके बाद उसने अपना पेपर दिया। बाद में वही उसे गोद में उठाकर बाहर तक लाये।



### सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में 4761 विद्यार्थी हुए शामिल

- शहर में निर्माण कार्यों के चलते केंद्रों तक छात्र-छात्राओं को पहुंचने में हुई दिक्कत

बरेली, अमृत विचार : सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा गुरुवार को जिले में 24 केंद्रों पर हुई। जिसमें 4819 में से 4761 छात्रों ने भाग लिया, जबकि 58 अनुपस्थित रहे। सीबीएसई की नगर समन्वयक ममता सक्सेना ने बताया कि परीक्षा के दौरान पूरी शुचिता बरती गई। किसी भी केंद्र से अनुचित साधनों के उपयोग नहीं हुआ। सभी केंद्रों पर नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान शहर में कई स्थानों पर चल रहे सड़क निर्माण के कारण जाम की स्थिति देखी गई। इस वजह से कई छात्र-छात्राओं को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील करते करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शहर के सभी मुख्य मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। अगर यातायात व्यवस्था अच्छी होगी तो परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में असुविधा नहीं होगी और वे तनावमुक्त होकर अपनी परीक्षा दे सकेंगे।

### थोड़ी घबराहट मगर पेपर सरल आया तो खिल उठे चेहरे

सेंटर पर ज्यादा लोग थे, पुलिस चेकिंग कर रही थी। यह देखकर मन में घबराहट थी, लेकिन रूम में जाने के बाद जब पेपर मिला तो उसे देखकर मन शांत हो गया। पेपर सरल था।
**– दिव्या सिंह**

पहली बार बोर्ड परीक्षा दे रहे थे। सुबह से मन में डर था। सहेलियों के साथ स्कूल पहुंचे, जब पेपर मिला तो वह सरल लगा। **– उन्नति**

परीक्षा की तैयारी की थी। पेपर आने से पहले मन में डर था, लेकिन पेपर देखने के बाद राहत मिली। प्रश्न पत्र कठिन नहीं था। **– सपना**

जिस तरह से बताया गया था कि बोर्ड परीक्षा बड़ी परीक्षा होती है। उससे मन में थोड़ी बेचैनी तो थी। लेकिन वहां पहुंचकर सब सही हो गया। सरल पेपर देखने के बाद मैं उसके जबाव देने में जुट गई। **– अभि**

## सिटी ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो में बरेली के अनिल करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



बरेली, अमृत विचार : बरेली के इंटरनेशनल ताइक्वांडो मास्टर अनिल कुमार नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित चतुर्थ माउंट एवरेस्ट क्योरुगी एवं द्वितीय पूमसे ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारत की ओर से प्रतिभाग करेंगे। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता त्रिपुरेश्वर स्थित दशरथ रंगशाला इंडोर हॉल में 20 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ी क्योरुगी (फाइट) और पूमसे (फॉर्म) स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अनिल कुमार सीनियर वर्ग की पूमसे स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र शर्मा और शोभा सक्सेना आदि ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### आरटीई के प्रथम चरण में 2714 बच्चों को स्कूल आवंटित

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के प्रथम चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया पूरी की। 2026-27 सत्र के लिए बच्चों को स्कूल आवंटन प्रक्रिया पूरी की। 2714 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए। प्रथम चरण में 6580 बच्चों के अभिभावकों ने आरटीई के तहत आवेदन किया। बीएसए डॉ. विनीता और उनकी टीम की जांच के बाद 5314 आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके साथ 1266 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। स्वीकृत आवेदनों के लिए डीएम ने ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया पूरी कराई। लॉटरी में 2714 बच्चों को स्कूल आवंटित कर दिए गए। अभी 2600 बच्चों को विद्यालय आवंटित नहीं हुए हैं।

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई प्रथम, द्वितीय, तृतीय के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन बुधवार को खेल जगत फाउंडेशन के रतन गुप्ता की ओर से छात्राओं को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। इसके बाद आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान छात्राएं उत्साहित नजर आईं। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. शीतल गुप्ता, डॉ. अजिता सिंह तिवारी, डॉ. अमिता गुप्ता मौजूद रहीं।

# छात्रों के प्रवेश पत्र रोकने पर पता चला डमी स्कूल, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फीस जमा न होने पर तीन छात्रों को सीबीएसई 12वीं के छात्रों के रोके प्रवेश पत्र
- एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल में काटा हंगामा, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षा के दूसरे दिन उस वक्त हंगामा हो गया जब स्कूल प्रबंधन ने तीन छात्रों का प्रवेश पत्र रोक लिया। कहा गया कि फीस जमा नहीं होने की वजह से छात्रों का प्रवेश पत्र रोका गया। सूचना मिलने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में पहुंच कर हंगामा काटा। इस हंगामे के बीच पता चला की स्कूल का संचालन बिनी मान्यता के किया जा रहा था। बच्चे वहां पर कोचिंग करते थे और परीक्षा के लिए दूसरे सेंटर में जाते थे।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र में स्थित रामगंगा इलाके में सेंट एंड्रयूज स्कूल है। स्कूल प्रबंधन ने बुधवार को परीक्षा से पहले तीन छात्रों के 12वीं के प्रवेश पत्र रोक लिए। इसकी वजह से छात्र फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा नहीं दे सके। सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा होनी थी। मगर फीस जमा न होने पर तीन छात्रों का प्रवेश पत्र नहीं मिला। लिहाजा उनकी परीक्षा छूट गई। सूचना मिलने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री आनन्द कठेरिया ने अपने साथियों संग पहुंचकर हंगामा कर दिया। इसी बीच प्रबंधन ने बताया कि वह स्कूल नहीं चलाते, बल्कि उनका कोचिंग सेंटर है। वह बच्चों की पढ़ाई करवाते हैं। इसके बाद बच्चे दूसरे सेंटर पर परीक्षा देने जाते हैं। इसकी जानकारी होने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधक और प्रिंसिपल कार्यालय में ताला जड़ दिया। एक छात्र ने व्हाट्सएप स्टेटस भावनात्मक लगाया और रामगंगा नदी की तरफ जाने लगा। यह देखकर उसके साथियों ने उसे दौड़कर पकड़ा और समझाकर शांत कराया।

हमारा कोचिंग सेंटर है। बच्चों की फीस जमा नहीं होने के कारण प्रवेश पत्र रोका था। सभी से अभिभावकों को बुलाने को कहा था। छात्रों ने इसे नया रूप दे दिया।
**– मोहित चन्द्र,** प्रबंधक

मामले की शिकायत मिली है। इसकी जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **– जितेंद्र सिंह,** इंस्पेक्टर सुभाषनगर

### ये था फर्जीवाड़ा

स्कूल की सीबीएसई से मान्यता नहीं है। किसी दूसरे स्कूल से साठगांठ कर बच्चों को परीक्षा दिलाने की तैयारी थी। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब सीबीएसई की सिटी कॉर्डिनेटर ममता सक्सेना बताया कि सेंट एंड्रयूज नाम के किसी विद्यालय की सीबीएसई से मान्यता नहीं है।


इसी स्कूल में प्रवेश पत्र रोकने की सूचना पर हुआ था हंगामा।

# साई में आस्मिता सेपकटाकरा लीग का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

**अमृत विचार :** आस्मिता सेपकटाकरा लीग का आयोजन भारतीय प्रशिक्षण केंद्र साई में उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा एसोसिएशन की ओर से बुधवार को कराया गया। प्रतियोगिता में सब-जूनियर गर्ल्स में बरेली ए टीम ने बरेली बी टीम को 2-0 से हराया। जूनियर गर्ल्स में बरेली सी टीम ने टीम बी को 2-0 से हराया। सीनियर गर्ल्स में बरेली टीम बी ने टीम सी को 2-0 को हराया। आस्मिता लीग खेलो इंडिया की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर डायरेक्टर ऑफ ओरेकल दिव्या सिंह, महासचिव सुनील एस सीरिया, वंदना मिश्रा, जॉइंट सचिव तान सिंह, अलका मल्होत्रा, मीना कुमारी, राम कुमार, शुभम तिवारी आदि मौजूद रहे



मेडल के साथ खिलाड़ी और कोच। • अमृत विचार

# खेल महोत्सव : पहले दिन हुए कई खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय फुटबॉल ग्राउंड पर बुधवार को इंवर्टिस खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट और प्रस्तुतियों से जोश भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलाधिपति उमेश गौतम और प्रति-कुलाधिपति पार्थ गौतम रहे।

पहले दिन फुटबॉल, बास्केटबॉल, वालीबॉल और कबड्डी के मुकाबले खेले गए। कबड्डी में पैंथर्स, पाइरेट्स, डॉमिनेटर व डेयरडेविल, जबकि वालीबॉल में मॉन्स्टर्स, स्पार्टन्स, वाइल्ड स्पाइक्स और बिग डॉग्स टीमें आमने-सामने रही। फुटबॉल में कैंपस स्ट्राइकर्स और टीबीडी के बीच मुकाबला हुआ। समारोह की शुरुआत स्पोर्ट्स क्लब स्ट्राइड की नृत्य प्रस्तुति से हुई। ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। अंत में पार्थ गौतम ने खेल महोत्सव ट्रॉफी का अनावरण कर प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया और टीम कप्तानों से परिचय लेकर शुभकामनाएं दी। उद्घाटन अवसर पर प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. मनीष गुप्ता, अमृतांश मिश्रा सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

- खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट और प्रस्तुतियों से जोश भर दिया


खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां भी दीं। । • अमृत विचार

# ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्वविद्यालय से संबद्ध केवल पांच महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय महिला और पुरुष सेपकटाकरा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में किया गया।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध केवल पांच महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों की संख्या कम होने की वजह से ऑल इंडिया अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया। प्रतियोगिता के लिए पुरुष वर्ग में विनय यादव, जतिन, उवेश, अमन, आर्यन, अमित, अशमिता, सारथी, युवराज, सतीश, शानू, पृथ्वी, अभय, अनमोल, योगेश का चयन किया गया।

वहीं, महिला टीम में राशिका, सुहानी, समरीन, मोहिनी, चंचल, तान्या यादव, वंशिका, नंदिनी, नीलम, शालिनी राय, दिव्यंका पांडेय, यंत्ररा, जिया का चयन किया गया। इस दौरान कोच शुभम तिवारी, बरेली कॉलेज क्रीड़ा सचिव विवेक डागर, दीपक कुमार, रमजान, धर्मेंद्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन 25 मार्च से

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली एसोसिएशन की ओर से वरुण शुक्ला मेमोरियल चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन 25 मार्च को एसआरएमएस क्रिकेट मैदान पर होगा। जिसमें बरेली और बदायूं के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता सचिव सीताराम सक्सेना, उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर, वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली की देखरेख में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 15 मार्च तक खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव : पुष्पाधिवास पूजन हुआ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बृहस्पतिवार को मिष्ठान्नाधिवास दिवस पूजन होगा और मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी

**अमृत विचार:** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में नव निर्मित भव्य जगत जननी मां भवानी मंदिर में मां के स्वरूपों का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यहां बुधवार को पुष्पाधिवास दिवस पूजन संपन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि पुष्पाधिवास के अवसर पर मां भवानी के स्वरूप को एक दिन के लिए गुलाब, डहेलिया सहित विविध सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित कर विराजमान किया गया। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण वैदिक विधि-विधान से संपन्न करायी जा रही है।

प्रतिदिन श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ, विशेष पूजन और भजन-कीर्तन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें भाग ले रहे हैं। मां भवानी की आरती कर प्रसाद वितरण किया। महोत्सव के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को मिष्ठान्नाधिवास दिवस पूजन और मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा, ब्रजेश शर्मा, कृष्णा अग्रवाल, नवीन गोयल सहयोग रहा।


पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। • अमृत विचार

## सिटी डायरी

### बरेली कॉलेज में रोवर-रेंजर के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की रोवर-रेंजर इकाई की ओर से पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर बुधवार का शुरू हो गया। मुख्य अतिथि प्रो. ओम प्रकाश राय ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा-भाव एवं राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. आलोक कुमार ने युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। प्रो. वंदना शर्मा ने भी प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में प्रो. आशा रानी, प्रो. संगीता सिंह, प्रो. कविता, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. मोनिका आदि उपस्थित रहे। पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिला स्काउट प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पुष्पकांत शर्मा प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। रेंजर लीडर डॉ. विवेक त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का स्वागत एवं मंच संचालन रेंजर लीडर डॉ. शालिनी सक्सेना ने किया।

### 65 वां होली मिलाप मेला 4 मार्च को



**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र की आईटीआर कॉलोनी स्थित हरिहर मंदिर के प्रांगण में बुधवार को मंदिर कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 65 वां होली मिलाप मेला 4 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसमें खिलौने, खान-पान आदि की 100 से अधिक दुकानें लगेंगी। मेले का उद्घाटन 4 बजे किया जाएगा। रात्रि 10 बजे तक समापन होगा। अध्यक्ष वीर सिंह राज, उपाध्यक्ष पीसी पाठक, सचिव केएम शर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल, पंडित राधेश्याम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### बीबीए के छात्रों ने चाय के साथ बांटी मुस्कान




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के बीबीए यूजी फोरम के छात्रों ने बुधवार को दैनिक कामगारों और जरूरतमंदों को गरम चाय- बिस्कुट के साथ मुस्कान विवरित की। आयोजन बीबीए विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया। इसे चाय के साथ मुस्कान नाम दिया गया। शिक्षकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को जलपान उपलब्ध कराकर समाज की सेवा करना, इवेंट प्रबंधन के गुण सीखना तथा छात्रों में सहानुभूति, जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना को विकसित करना था। आयोजन में कुनाल, शुभम, नारायणी, पूर्ति, वैष्णव, अफनान, मुशैद ने कालेज के विभागों में, अनेक छात्रों, जरूरतमंद लोगों, दैनिक कामगारों, राहगीरों आदि को गरम चाय और बिस्कुट का वितरण मीठी मुस्कान के साथ किया। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल यादव, डॉ. दिनेश प्रताप सिंह, रजा जैदी, डॉ. होतम सिंह, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. ऋचा रस्तोगी, हरीश अरोडा, डॉ. अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।